# 'मणिपुर जल रहा है और प्र.मंत्री संसद में हँस रहे हैं'

## राहुल गांधी ने अविश्वास प्रस्ताव पर मोदी के जवाब पर टिप्पणी की

- पत्रकारों से बात करते हुए राहुल ने कहा, मुद्दा कांग्रेस या मैं नहीं था, मुद्दा था मणिपुर में क्या हो रहा है।
- राहुल ने कहा मैं सेना के दखल की मांग नहीं कर रहा मैं बस इतना कह रहा हूं कि सेना इसे दो दिन में रोक सकती है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अगस्त। विपक्षी गठबंध इंडिया द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के जवाब में लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो घंटे से अधिक समय के भाषण के एक दिन बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मणिपुर की हिंसा और मौतों को संबोधित करने के बजाय, प्रधानमंत्री संसद में हँस रहे थे तथा मजाक कर रहे थे और एन.डी.ए. सांसद नारेबाजी करने में लगे हुये थे।

शुक्रवार को नई दिल्ली में एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुये, राहुल ने कहा, "प्रधानमंत्री चाहते हैं कि मणिपुर जलता रहे। मैंने प्रधानमंत्री को संसद में बोलते हुए सुना। वे मजाक कर रहे थे, नारेबाजी कर रहे एन.डी.ए. सांसदों के साथ हँस रहे थे।"

राहुल गांधी ने आगे कहा, "मैं पिछले 19 साल से राजनीति में हूँ। मैं सारे राज्यों में गया हूँ। लेकिन मैंने मणिपुर जैसी स्थिति नहीं देखी है। लेकिन अब मैं शायद इस बात को कह सकता हूँ। जब मैं मैतेई एरिया में गया तो हम से कहा गया कि हम अपनी सिक्योरिटी के सदस्य के रूप में किसी कुकी को न लाये। हमसे कहा गया कि अगर मैतेई एरिया में एक भी कुकी आया तो उसे मार दिया जायेगा। और इसी प्रकार की स्थिति कुकी एरिया में थी। इस प्रकार, मणिपुर कुकी और मैतेई में विभाजित कर दिया गया है। एक राज्य के रूप में, मणिपुर अस्तित्व में ही नहीं है। यही बात मैंने संसद में कही थी।

प्रधानमंत्री पर प्रहार करते हुये, राहुल ने कहा कि मणिपुर की स्थिति को काबू में लाने के लिये उनके पास विभिन्न प्रकार के साधन हैं लेकिन वे ऐसा कर नहीं रहे हैं। राहुल ने कहा, "इसके बजाय, वे संसद में हँस रहे हैं। वे मणिपुर जा सकते थे, दोनों समुदायों से बात कर सकते थे। जब कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री बन जाता है तो उसे एक मामूली राजनेता की तरह से नहीं बोलना चाहिये। प्रधानमंत्री मोदी को कांग्रेस और विपक्ष पर दो घंटे तक बोलते रहने से दुख हुआ। यह चीज उनके पद के प्रति न्याय नहीं करती।......निष्कर्ष के रूप में, मैं केवल यही करना चाहता हूँ कि प्रधानमंत्री के हाथ में साधन हैं, उपाय हैं, लेकिन किन्हीं कारणों से, वे उन्हें काम में नहीं ले रहे।....इस बात के कारण साफ हैं कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जा रहे।"

उन्होंने आगे कहा: मैं सेना की दखलदांजी की मांग नहीं कर रहा। मैं तो बस इतना कह रहा हूँ कि सेना इसे दो दिन में रोक सकती है। मैं यह कहने की हैसियत में नहीं हूँ कि प्रधानमंत्री किस साधन को काम में ले।"

कल लोकसभा को संबोधित करते समय, प्रधानंमत्री मोदी ने पूर्वोत्तर की सारी समस्याओं के लिये कांग्रेस को दोषी ठहराया था तथा मणिपुर की जनता को आश्वस्त किया था कि देश उनके साथ है तथा राज्य में "शांति का सूर्य" फिर निकलेगा। प्रधानमंत्री संसद के बीचों-बीच बैठे बेशर्मी से हँस रहे थे।.....मुद्दा कांग्रेस या मैं नहीं थे, मुद्दा यह था कि मणिपुर में क्या हो रहा है तथा इसे रोक क्यों नहीं जा रहा है।"

गांधी ने कहा कि उनकी यह टिप्पणी निस्सार एवं निरर्थक नहीं थी कि प्रधानमंत्री मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में "भारत माता की हत्या कर दी" है।

उन्होंने कहा, "मणिपुर में, भाजपा ने हिन्दुस्तान की हत्या कर दी गई है।"

गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री "चाहते हैं कि मणिपुर जलता रहे तथा आग बुझाई नहीं जाये।"

## 5-0 से जीतकर भारत हॉकी एशिया कप फाइनल में पहुँचा

- मैच के पहले मिनट से ही जापान पर हावी रही टीम ने एशियाई चैम्पियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जापान को 5-0 से रौंदकर दमदार तरीके से टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

चेन्नई, 11 अगस्त (वार्ता)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शुक्रवार को जापान को 5-0 से रौंदकर दमदार तरीके से टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। पहले मिनट से ही जापान पर हावी रहे भारत की जीत में आकाशदीप सिंह (19वां मिनट), हरमनप्रीत सिंह (23वां मिनट), मनदीप सिंह (30 वां मिनट), सुमित (39वां मिनट) और कार्ति सेल्वम (51वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। भारतीय सर्किल में पैठ न जमा पाने के कारण उपविजेता जापान एक बार भी गैंद को नेट में नहीं पहुंचा सका। भारत शनिवार को होने वाले फाइनल में मलेशिया से भिड़ेगा, जिसने पहले सेमीफाइनल में कोरिया को 6-2 से मात दी। पिछले मैच में जापान ने भारत को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया था, लेकिन इस बार मेज़बान टीम ने मैच की शुरुआत फ्रंट फुट पर की और दूसरे ही मिनट में जापान के सर्किल में जगह बनाकर पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। जापान के गोलकीपर के शानदार बचाव से भारत इस मौके पर गोल नहीं कर सका और अगले 30 सेकंड में जापान की ओर से भी गोल करने का एक प्रयास देखा गया।

जापान ने पहले क्वार्टर में इसके बाद भारत को नियंत्रण में रखा, हालांकि दूसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में आकाशदीप ने भारत को बढ़त दिलाई। हार्दिक सिंह और सुमित ने जापानी सर्किल की दाईं ओर से गोल की ओर जगह बनायी।

## कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 11 अगस्त (निसं)। कोटा में एक और कोचिंग स्टूडेंट ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मनीष प्रजापत (17 वर्ष) यूपी के आजमगढ़ का रहने वाला था और 6 महीने पहले ही कोटा आया था। वह यहां जवाहर नगर पुलिस थाना क्षेत्र के महावीर नगर स्थित एक हॉस्टल में रह रहा था। मनीष जेईई की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने बताया कि सुसाईड से 4 घंटे पहले ही गुरुवार को उसके पिता उससे मिलने आए थे। हालांकि वह शाम को ही आजमगढ़ लौट गए थे। हॉस्टल के केयर टेकर राकेश ने बताया कि मनीष चार महीने पहले ही इस हॉस्टल में रहने आया था। उसके पिता ही उसे रूम दिलाकर गए थे। गुरुवार को उसके पिता कोटा में ही थे।







मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908